# पहड़िया ग्राम पंचायत के सरकारी तालाब को बेचने की फिराक में भू-माफिया

## अनुबंध निरस्त करने सरपंच ने दिया पत्र, ग्रामीण पहुंचे शिकायत करने कलेक्टोरेट, मामला पहड़िया तालाब का

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, भू-माफियाओं की नजर अब शासकीय भूमि के साथ तालाबो पर है. राजस्व दस्तावेजो में छेड़छाड़ कर तालाब की भूमि को हथियाने में लग गये है. रायपुर कर्चुलियान तहसील के ग्राम पंचायत पहड़िया में आम निस्तार के तालाब पर माफियाओं की नजर पड़ गई है. 32 एकड़ के तालाब का जिला पंजीयक कार्यालय ने बकायदा आधा दर्जन से अधिक व्यक्तियों के नाम एग्रीमेंट कर दिया गया है.**

एग्रीमेंट को निरस्त कराने सरपंच ने संभागायुक्त से आवेदन देकर गुहार लगाई है तो वही पूर्व सरपंच ऋषि पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ो लोग कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिये है. पहड़िया पंचायत



के एक तालाब को बिक्री करने के लिए विधिवत अनुबंध पत्र तैयार करा लिए गए हैं. पहड़िया ग्राम पंचायत की सरपंच मनीषा तिवारी ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर तालाब को बिक्री होने से बचाने का आग्रह किया है. सार्वजनिक तालाब ग्राम पहड़िया की आराजी खसरा क्रमांक 521/1, 521/2, 521/3/1, 531/3/2, 521/3/5, 521/3/7 का रजिस्टर्ड अनुबंध पत्र 22 सितम्बर को उप पंजीयक रीवा द्वारा किया गया है. इसके बाद 29 सितम्बर सरपंच मनीषा तिवारी ने जिला पंजीयक से पूरे मामले की शिकायत करते हुए एग्रीमेंट पर आपत्ति दर्ज कराई थी. खास बात यह है कि उक्त तालाब का स्थगन आदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में एएएनओ 2385/2022 में दिनांक 15 मार्च 2024 को किया गया था. उच्च न्यायालय से मिले स्थगन के बाद भी सम्पूर्ण आराजी को बिक्री किए जाने का अनुबंध पत्र बनाया जा चुका है. प्रशासन अगर समय रहते पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही नही करता तो एक और तालाब बिक जाएगा. बतादें कि जिले में ऐसे कई तालाब है जिन्हे खुर्द बुर्द कर दिया गया है. फिलहाल मामला कलेक्टर के पास है, जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वास्तविकता क्या है. लेकिन तालाब के अस्तित्व को लेकर पहड़िया ग्राम पंचायत के लोगो में भारी आक्रोश है. अनुबंध निरस्त किये जाने की मांग की गई है. जिले भर में भू-माफिया सक्रिय है जो राजस्व अमले के साथ मिलकर जमीनो में हेराफेरी करते है. ऐसे कई मामले सामने आ चुके है.

### इनके साथ किया गया अनुबंध

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव के कन्हैया सिंगरहा बगैरह ने सम्पूर्ण भूमि का अनुबंध अशोक कुमार सिंह, सियाशरण केवट, अशोक कुमार मौर्य, संतोष कुमार शुक्ला, आशीष सिंह आदि के नाम पर किया गया है. शिकायत पत्र में बताया गया है कि उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रकरण विचाराधीन है, साथ ही यथास्थित रखे जाने का आदेश भी पारित है. बावजूद इसके भूमि का अनुबंध कर लिया गया है.

### सरपंच ने शिकायत की है : बीएस जामोद

रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि ग्राम पंचायत पहड़िया स्थित तालाब बिक्री किए जाने की शिकायत हमारे पास सरपंच द्वारा की गई है. जांच के लिए उसे कलेक्टर के पास भेजा गया है. जो भी तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी.



# भोपाल जाने से पहले कलेक्टोरेट के सामने से हिरासत में लिए गए किसान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, भारतीय किसान यूनियन टिकैत संघ के किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन कर भोपाल रवाना होने वाले थे. जिन्हे पुलिस ने हिरासत में ले लिया. किसानो ने 1 करोड़ 28 लाख घोटाले का आरोप लगाया है.**

सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के बीड़ा सेमरिया धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने के बाद भी 63 किसानो को धान का भुगतान नही हुआ. जिसको लेकर कई बार धरना प्रदर्शन के साथ शिकायत की गई, उसके बाद भी कुछ नही हुआ. पीड़ित किसान भुगतान सहित विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने भोपाल जाने की तैयारी में थे. मंगलवार की दोपहर कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे जहा पुलिस ने हिरासत में ले लिया. दरअसल भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश प्रवक्ता विश्वनाथ पटेल के नेतृत्व में किसानो का दल भोपाल रवाना होने वाला था. सभी कलेक्ट्रेट के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे थे. तभी पुलिस पहुंची और सभी को हिरासत में लेकर सिविल लाइन थाने में बैठाया गया. किसानो का जत्था रेवांचल एक्सप्रेस से रात 8 बजे भोपाल रवाना होने वाला था और बुधवार को भोपाल में नीलम पार्क से मुख्यमंत्री के निवास तक पद यात्रा कर मिलने की तैयारी थी.

किसानो को हिरासत में लिये जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष किसान सुब्रत ने इसे निंदनीय बताया है और कहा कि बिना शर्त सभी को तत्काल छोड़ा जाय. पीड़ित किसानों का भुगतान कराया जाय.

## संक्षिप्त



### एसई कार्यालय में किसान मजदूर संघ देगा धरना

रीवा, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई रीवा की मासिक बैठक उद्यानिकी परिसर कोठी कम्पाउण्ड रीवा जिला अध्यक्ष भक्त प्रहलाद वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से सम्भागीय उपाध्यक्ष रविनन्दन सिंह उपस्थित रहे. बैठक में मुख्य रूप से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई- विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिल के अनियमितॉए होने के कारण उपभोक्ता अत्यन्त परेशान हो रहे है. विद्युत विभाग मनमानी तरीके से बिल भेजा जा रहा है, संगठन चर्चा के दौरान यह तय हुआ कि 16 अक्टूबर 2025 को संगठन जिली विद्युत विभाग में अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष धरना तथा ज्ञापन दिया जायेगा. बैठक में शोभनाथ कुशवाहा प्रान्ताध्यक्ष महाकोंसिल प्रान्त, रविनन्दन सिंह सम्भागीय उपाध्यक्ष, भक्त प्रहलाद वर्मा जिलाध्यक्ष रीवा, विवेक पटेल, जगदीश प्रसाद सोंधिया कोषाध्यक्ष, अरूण पटेल ब्लाक अध्यक्ष रीवा उपस्थित रहे.

### ऊर्जा मंत्री आज आएंगे रीवा

रीवा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 8 अक्टूबर को अल्प प्रवास पर रीवा आयेंगे. ऊर्जा मंत्री 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 6 .30 बजे रीवा पहुंचेगे. ऊर्जा मंत्री गोड़हर में अमृत सिंह के निवास पहुंचकर उनके माता जी के निधन पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देंगे तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. ऊर्जा मंत्री शाम 7 बजे रीवा से कार द्वारा सतना प्रस्थान करेंगे. ऊर्जा मंत्री सतना रेलवे स्टेशन से रात 8 .50 बजे महाकौशल ट्रेन से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे.

### तीर्थ दर्शन योजना के लिए समिति गठित

रीवा, शासन द्वारा तीर्थ दर्शन योजना की क्रियान्वयन की निगरानी के लिए 7 सदस्यीय समिति गठित की गयी है. समिति का अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री को बनाया गया है. समिति में कलेक्टर सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगी. समिति में सदस्य के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट धर्मस्व शाखा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला सत्कार अधिकारी को शामिल किया गया है. यह समिति तीर्थ दर्शन योजना के हितग्राहियों के लिए शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की निगरानी करेंगी.

### वरिष्ठ पत्रकार रामबिहारी मिश्र का निधन

रीवा, वरिष्ठ पत्रकार, गांधीवादी स्वभाव के अग्रदूत पूर्व सरपंच रामबिहारी मिश्र के आकस्मिक निधन पर लोहदवार के पूर्व सरपंच एवं भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष बसंत दुवे ने गहरा दु :ख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है. श्री दुवे ने कहा कि श्री मिश्र हमारे अच्छे मित्र थे वो पत्रकारिता के क्षेत्र में ईमानदारी की मिसाल थे. दैनिक अखबार में उन्होने लंबे समय तक संपादक का कार्य किया. स्र्व .श्री मिश्र अपनी ग्राम पंचायत सुरसा से दो बार निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए यह बात उनकी ईमानदारी और लोकप्रियता को परिलक्षित करती है. उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है, ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणो में स्थान प्रदान करे.

### अजय तिवारी का दु :खद निधन

गुढ़, गुढ़ रीवा मार्ग गेरुई स्थिति चिरहुलानाथ फीलिंग स्टेशन के प्रबंधक अजय तिवारी पिता रामायण प्रसाद तिवारी उम्र 38 वर्ष निवासी पैपखरा थाना रामपुर कर्चु. का 6 अक्टूबर को संज यगांधी अस्पताल रीवा में उपचार के दौरान रात्रि साढे 10 बजे हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया. इनके निधन से चिरहुलानाथ फीलिंग स्टेशन के कर्मचारी ही नही बल्कि पैपखरा गांव के लोगो के साथ साथ पूरा गुढ़ क्षेत्र शोकमय हो गया. अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए है. निधन पर श्रीमती मंजूलता तिवारी,गौरव मिश्रा, पत्रकार इन्द्रभान प्रसाद उपाध्याय, राजकुमार मिश्रा, राजभान उपाध्याय, डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा, इन्द्रपाल उपाध्याय, शिवेश चतुर्वेदी सिलचट, विकर्ष उपाध्याय गुढ़, एड अनन्त कुमार गुप्ता, इसराइल खान, निखिल पाठक दुआरी, अनिल गुप्ता मनिकवार, रामराज शुक्ला पैपखरा, चूड़ामणि गुप्ता गुढ़, राजकपूर मिश्रा गुढ़, सनत कुमार शुक्ला इटार ने शोक व्यक्त किया.



### लालबहादुर सिंह का निधन

गुढ़, पिछले कुछ दिनों से बीमारी से जूझ रहे गुढ़ नगर पालिका परिषद बार्ड 13 निवासी लालबहादुर सिंह परिहार का मंगलवार को जबलपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया, वे लगभग 63 वर्ष के थे. श्री सिंह का पार्थिव शरीर देर रात उनके गृह ग्राम गुढ़ पहुंचा. जिनका अंतिम संस्कार 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे तक किया जाएगा.

# दवा दुकानों में दूसरे दिन भी अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, छिंदवाड़ा में कफ सिरप से हुई बच्चो की मौत के बाद रीवा में भी मेडिकल स्टोरो की जांच की जारही है.**

दो दिन से राजस्व अधिकारी मेडिकल स्टोर एवं बच्चो की अस्पताल का निरीक्षण कर रहे है. हालाकि अभी कही भी प्रतिबंधित एवं अमानक दवा नही मिली है. सभी जगह जांच चल रही है. कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले भर में राजस्व अधिकारियों ने दवा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करेक कफ सिरप की जांच पड़ताल की. दवा दुकानों पर अनियमिता पाये जाने पर कार्यवाही भी की गयी. एसडीएम त्योंथर प्रभाशंकर त्रिपाठी ने शिव मेडिकल स्टोर त्योंथर तथा प्रयाग मेडिकल स्टोर एवं शंकर मेडिकल स्टोर चिल्ला का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कोई भी दवा अमानक नहीं पायी गयी. एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ शुक्ला मेडिकल स्टोर, धनवंतरि मेडिकल स्टोर, रमेश मेडिकल स्टोर तथा गौतम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान इन दुकानों में शासन द्वारा प्रतिबंधित खांसी की दवा नहीं पायी गयी. रीवा में नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, पुलिस अधिकारियों तथा ड्रग स्पेक्टर के साथ दो मेडिकल स्टोर एवं दो निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया.



# 21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में 31 प्रशिक्षु आरक्षकों ने दिखाया दम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत, अतिरिक्त पुमनि0 ( प्रशि0 ) राजा बाबू सिंह के निर्देशन में पु0अधी0 सुरेंद्र कुमार जैन के कुशल नेतृत्व में 93 वें नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के तहत एक हाफ मैराथन दौड़- 21 किलोमीटर का आयोजन किया गया. इस दौड़ में 31 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया.**

इसका उद्देश्य पुलिस के आरक्षकों में शारीरिक दक्षता और सहनशीलता को बढ़ाना है. दौड़ में प्रथम स्थान पवन कुसमारिया (उज्जैन) - 1 घंटे 35 मिनट, द्वितीय रोहित (नर्मदा पुरम) - 1 घंटे 38 मिनट, तृतीय विकास (इंदौर) - 1 घंटे 39 मिनट, चतुर्थ शिवकुमार यादव (हरदा) - 1 घंटे 39 मिनट, पंचम महेंद्र (जीआरपी इंदौर) - 1 घंटे 39 मिनट, छठा विजय प्रजापति (छतरपुर) - 1 घंटे 42 मिनट, सातवां लेखराज (गुना) - 1 घंटे 42 मिनट, आठवां पंकज (उज्जैन) - 1 घंटे 44 मिनट, नौवां दीपेंद्र यादव (छतरपुर) - 1 घंटे 49 मिनट, दसवां प्रद्युम्न (भोपाल) - 1 घंटे 49 मिनट रहे. उप पु0अधी0 सत्यप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में सीडीआई, बाह्य प्रशिक्षण टीम, वाहन शाखा और मेडिकल टीम ने अपना सहयोग कर इस आयोजन को सफल बनाया.

# शहर में निकाली गई श्रीराम धर्म विजय शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा श्रीराम धर्म विजय शोभायात्रा शहर के ऐतिहासिक बैजू धर्मशाला से श्री राम दरबार की आकर्षक झांकी एवं सजावट, बैंड के साथ निकाली गई.**




महिला इकाई अध्यक्ष ऋचा गुप्ता व पदाधिकारियों ने आरती आराधना कर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकाली गई. शोभायात्रा गरबा कलाकारों के साथ भक्ति माहौल में नाचते हुए बैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर खन्ना चौक, स्टेचू चौराहा प्रकाश चौक, शिल्पी प्लाजा होकर मानस भवन पहुंची जहां सभी राम भक्त प्रभु श्रीराम सीता लक्ष्मण, हनुमान जी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया व मंच में आरती कर जय श्रीराम के नारा सभी जनों ने लगा कर सभा हाल राम मय कर दिया. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संजय गांधी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ सीबी शुक्ला उपस्थित रहे तथा गरबा महोत्सव पुरस्कार कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने की, डॉ0 विमल दुबे, मानस मंडल उपाध्यक्ष संदीप सिंह बघेल, मानवेंद्र सिंह नीरज, आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, धर्म प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पंकज उपाध्याय उपस्थित रहे. गरबा महोत्सव में शामिल 17 गरबा टीमों के कलाकारों को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया.

# नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, डभौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोरेक्स लेकर जा रहे तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है.**

जिनके पास से 80 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गई है. आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया. डभौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बरगढ़ तरफ से तीन व्यक्ति नशीली कफ सिरप बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहे है. मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण हिम्मतलाल श्रीवास्तव पिता कन्हैया लाल श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष, शरद पाठक उर्फ लाला पाठक पिता देवनाथ पाठक निवासी डभौरा एवं अमित राय निवासी कौशांबी उत्तर प्रदेश को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई. जिसके द्वारा कोरेक्स का परिवहन करना बताया गया है. प्रकरण दर्ज किया गया है.



# करवा चौथ को लेकर गुलजार हुआ बाजार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, शारदेय नवरात्रि के बाद करवा चौथ को लेकर बाजार में खरीददारी शुरू हो गई है. इस समय बाजार गुलजार है. करवा पूजन सामग्री से लेकर साड़ी और अन्य सामानो की खरीददारी महिलाएं कर रही है. सुबह से लेकर शाम तक दुकानो में भीड़ लगी रहती है.**

कपड़े, गहने, पूजन सामग्री की खरीददारी इस समय महिलाएं कर रही है. नवरात्रि के बाद बाजारो में खरीददारी की भीड़ बढ़ी है. गौरतलब है कि पति के लम्बी उम्र की कामना को लेकर 10 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत महिलाएं रखेगीं और पति की लम्बी उम्र के साथ सुख समृद्धि की कामना करेगी. बाजार में रंग बिरंगे करवा, छलनी, सूप एवं थालियों की बिक्री हो रही है. महिलाएं सौन्दर्य सामग्री के साथ पूजन सामग्री भी खरीद रही है.

शिल्पी प्लाजा, दीपक काम्पलेक्स, खटकहाई, घोड़ा चौराहा, सिरमौर चौराहा बाजार में भीड़ देखने को मिल रही है. पूजन सामग्री के साथ पकड़ो की खरीददारी चल रही है. साड़ियो की दुकानो में सुबह से लेकर रात तक भीड़ लगी रहती है तो वही सोने-चांदी के दुकान में भी खरीददारी हो रही है. दीपावली के पहले पढ़ने वाले करवा चौथ को लेकर बाजार गुलजार है. अभी दो दिन तक बाजार में भीड़ रहेगी.



संघ शताब्दी वर्ष पर रीवा शहर में पथ संचलन निकालते स्वयंसेवक

### नशामुक्त अभियान रहेगा जारी

**रीवा, 7 अक्टूबर,** आमजनता को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा नशे के शिकार व्यक्तियों पुनर्वास के लिए नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है. शासन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को नवम्बर माह तक जारी रखने के निर्देश दिये गये हैं. अभियान के तहत सभी शिक्षण संस्थान तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नशे के प्रति जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. इसके तहत रैली भाषण प्रतियोगित, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं होगी.

# रीवा में निकला संघ शताब्दी वर्ष का पथ संचलन, एकता व राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर रीवा में स्वयंसेवको ने पथ संचलन किया. अनुशासन और उत्साह के साथ सैकड़ो स्वयंसेवको ने इसमें भाग लिया.**

जगह-जगह पर लोगो ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया. स्वयंसेवको ने एकता व राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया. घोष की धुन पर पूर्ण गणवेश में कदम ताल करते हुए स्वयंसेवको ने कई किलो मीटर के पथ संचलन में भाग लिया. एनसीसी मैदान में सभी स्वयंसेवक एकत्र हुए और यहा से दो तल अलग-अलग मार्गो में निकले. प्रकाश चौराहे में दोनो दल मिलने के बाद शिल्पी प्लाजा होते हुए पथ संचलन वापस एनसीसी मैदान पहुंचा. जहा मध्य क्षेत्र के सह कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध का उद्‌बोधन हुआ. मंच पर जिला संघ चालक डा0 एस. एन तिवारी और नगर संघचालक डा0 चारूदत्त चालीस गावकर जागेश्वर ताम्रकार प्रान्त शारीरिक प्रमुख, उमेश जी प्रान्त बौद्धिक प्रमुख, हरिनारायण विभाग प्रचारक उपस्थित रहे. तत्पश्चात खीर वितरण के साथ समापन हुआ. पथ संचलन में बालक से लेकर प्रौढ़ स्वयंसेवक शामिल रहे. पथ संचलन को देखने के लिये लोग सड़क के किनारे खड़े रहे. शताब्दी वर्ष में राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर पंच परिवर्तन का आह्वान नागरिकों से किया जिसमे हमारी भारतीय कुटुंब व्यवस्था, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का प्रयोग व नागरिक कर्तव्यों का पालन करने का आग्रह किया. जिसमे प्रत्येक व्यक्ति को इस कार्य हेतु लगने का आग्रह किया. विभाग प्रचारक विवेक जायसवाल ने संघ शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी दी. चयनित कार्यकर्ताओ ने शारीरिक प्रकट कार्यक्रम नि: युद्ध, दंड,व्यायाम योग व प्रदक्षिणा, ध्वज मान वंदना अनुशासन व बड़े उत्साह पूर्वक एन सी सी ग्राउंड रीवा में किया गया. पथ संचलन को लेकर लोग सड़को के किनारे खड़े रहे और पुष्प वर्षा की. शिल्पी प्लाजा के पास महिलाओं ने पथ संचलन को आरती दिखाई और पुष्प वर्षा की. इसी तरह अन्य स्थानों पर अलग-अलग संगठनों द्वारा पथ संचलन का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गई.